वर्ष 29 अंक 10
पृष्ठ 24
बरेली, गुरुवार
21 सितंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला समाचार पत्र

दैनिक जागरण

PAGE NO. : 4 TOP RIGHT

' गणित से होती है विज्ञान की शोभा '

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बरेली में आयोजित इंस्पायर इंटर्नशिप-2017 का बुधवार को समापन हो गया। प्रथम वक्ता डॉ. हुकुम सिंह ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि विज्ञान की शोभा गणित से होती है। गणित पढ़ने से कभी व्यक्ति झूठ नहीं बोलता। द्वितीय वक्ता डीयू के डॉ. पीएल उनियाल ने जैव विविधता के विषय में विस्तार से बताया। समापन समारोह में ट्रस्ट प्रशासक ई. सुभाष मेहरा ने इंस्पायर के विद्यार्थियों को साइंटिस्ट बनने की भावना को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व का परिचय देते हुए जगाया। इस दौरान डीन एकेडमिक्स एसआरएमएस सीईटी डॉ. प्रभाकर गुप्ता, समन्वयक ई. रतीष अग्रवाल, ई. सचिन अग्रवाल एवं सभी विभागध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन डॉ. अंकिता टंडन ने किया।